राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार
State Election Commission, Bihar

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक: 26.05.2026

आयोग द्वारा मास्टर ट्रेनर्स के लिए S3 मॉडल EVM और EMS आधारित विशेष प्रशिक्षण के दूसरे दिन विस्तृत व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र

बिहार में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को अधिक आधुनिक, पारदर्शी और सुदृढ़ बनाने की दिशा में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा एक ऐतिहासिक पहल की जा रही है। आगामी नगरपालिका निर्वाचन, 2026 में पहली बार अत्याधुनिक **'मल्टी पोस्ट एस3 मॉडल ईवीएम' (Multi Post S3 EVM)** का प्रयोग किया जाएगा। इस नवोन्मेषी तकनीक के माध्यम से मतदाता एक ही समय में विभिन्न पदों के लिए सुगमता से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे, जिससे संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में अभूतपूर्व पारदर्शिता और गति आएगी।

'मल्टी पोस्ट एस3 मॉडल ईवीएम' आधारित उन्नत वोटिंग तकनीक के सफल संचालन तथा जिला स्तर के अधिकारियों की तकनीकी दक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोग कार्यालय में आयोजित त्रि-दिवसीय (25.05.2026 से 27.05.2026) विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन दिनांक 26.05.2026 को सारण, औरंगाबाद, पूर्वी चम्पारण एवं सिवान जिलों के मास्टर ट्रेनर्स S3 मॉडल ईवीएम, एसएमएम(SMM), टोटलाइजर और ईवीएम मैनेजमेंट सिस्टम (EMS) की तकनीकी बारीकियों का विस्तृत सैद्धांतिक, व्यावहारिक एवं गहन हैंड्स ऑन (Hands-On) प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ECIL), हैदराबाद के तकनीकी विशेषज्ञों क्रमशः श्री के.वी. कमल तेज (सीनियर मैनेजर) एवं श्री आदित्य सी.जी. (डिप्टी मैनेजर, टेक्नोलॉजी) द्वारा गहन प्रशिक्षण का संचालन किया गया।

पूर्वाह्न सत्र: S3 मॉडल EVM (सैद्धांतिक व प्रदर्शन)

- **तकनीकी प्रशिक्षण सत्र – S3 मॉडल ईवीएम:** इस मुख्य तकनीकी सत्र में ECIL के वरिष्ठ अभियंताओं द्वारा ईवीएम के इतिहास, S3 EVM Features, तथा S3 EVM Operations की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही SMM Feature (सिक्योर मेमोरी मॉडल), टोटलाइजर (Totalizer Features & Operational Flow), Auxiliary Printer का संयोजन तथा FLC (First Level Checking) व SDPC (Sealing, Distribution, Polling and Counting) प्रोसेस पर व्यावहारिक प्रदर्शन (Demonstration) के माध्यम से विस्तार से प्रकाश डाला गया।

मध्याह्न सत्र: EVM मैनेजमेंट सिस्टम (EMS) तकनीकी सत्र

- **ईवीएम प्रबंधन प्रणाली (EMS) थ्योरी एवं डेमोंस्ट्रेशन:** चुनाव प्रबंधन को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने हेतु आयोजित इस सत्र में ईवीएम मैनेजमेंट सिस्टम (EMS) आधारित क्रियाविधि का लाइव प्रदर्शन कर तकनीकी बारीकियों को समझाया गया।

Scanned with OKEN Scanner

अपराह्न सत्र: लाइव डेमो, मतदान प्रक्रिया एवं हैंड्सऑन (व्यावहारिक अभ्यास)

- **मॉक पोल एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण:** मास्टर ट्रेनर्स को व्यावहारिक रूप से सक्षम बनाने हेतु वास्तविक मतदान जैसी परिस्थितियों में मॉक पोल (Mock Poll) का आयोजन किया गया, जिसमें प्रत्येक ट्रेनर से व्यक्तिगत रूप से बैलट सेटिंग (Ballot Setting), कैंडिडेट मैपिंग (Candidate Mapping) और परिणाम प्रदर्शन (Result Display) का सजीव अभ्यास (Hands-on) कराया गया।

- **प्रश्नोत्तर सत्र:** व्यावहारिक अभ्यास के उपरांत मास्टर ट्रेनर्स द्वारा उठाई गई शंकाओं और तकनीकी जिज्ञासाओं का विशेषज्ञों द्वारा त्वरित निवारण किया गया।

समापन सत्र: दक्षता परीक्षण एवं मूल्यांकन

- **दक्षता परीक्षण और समापन:** द्वितीय दिवस के प्रशिक्षण की प्रभावशीलता को मापने हेतु सभी मास्टर ट्रेनर्स का एक दक्षता परीक्षण (Evaluation Test) लिया गया।

राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार प्रशिक्षित किए गए ये मास्टर ट्रेनर्स अपने-अपने संबंधित जिलों (सारण, औरंगाबाद, पूर्वी चम्पारण एवं सिवान) में जाकर अन्य मतदान कर्मियों को जमीनी स्तर पर प्रशिक्षित करेंगे, ताकि आगामी चुनावों में इस आधुनिक तकनीक का क्रियान्वयन पूर्णतः पारदर्शी और त्रुटिहीन तरीके से सुनिश्चित किया जा सके।

इस त्रि-दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिवस के अवसर परविशेष कार्य पदाधिकारी श्री संजय कुमार के मार्गदर्शन में संयुक्त निर्वाचन आयुक्त श्री शंभू कुमार, निर्वाचन अधिकारी श्री अनिल कुमार पटेल सहित आयोग की तकनीकी टीम, अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी तथा मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहे।

➢ नगरपालिका आम/ उप निर्वाचन, 2026 के लिए निर्धारित समय-सारणी (प्रक्रमों) के अनुसार मतदान केन्द्र की सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 25.05.2026 को सफलतापूर्वक किया जा चुका है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी एवं विवरण आयोग की आधिकारिक वेबसाइट **www.sec.bihar.gov.in** पर उपलब्ध है, जिसे कोई भी नागरिक/ मतदाता तीन लाइन वाले मीनू के अंतर्गत स्थित "नगरपालिका आम/उप निर्वाचन 2022/2023/2025/2026" लिंक को क्लिक कर "मतदाता कॉर्नर" वाले टैब के मतदान केन्द्र से संबंधित लिंक को क्लिक कर मांगे गये विवरण का चयन कर सफलतापूर्वक अवलोकन कर सकते हैं और विवरण को डॉउनलोड /प्रिंट कर सकते हैं।

मतदाता/नागरिक हेतु सुविधा

- **मतदाता के लिए ऑनलाईन सुविधा:** कोई भी मतदाता/ नागरिक राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार के वेवसाईट www.sec.bihar.gov.in पर जाकर निर्वाचन/मतदाता सूची/मतदान केन्द्र के संदर्भ में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

- इसके अलावा कोई भी व्यक्ति/मतदाता/अभ्यर्थी आयोग में संचालित कॉल सेंटर कोषांग के टोल फ्री नं. 1800-3457-243 पर कॉल करके निर्वाचन संबंधी सूचना, सुझाव या शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

ह०/-

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार

Scanned with OKEN Scanner